# टोल विवाद मामले में दर्ज हुई एफआईआर

ग्रामवासियों की हुई जीत, जनप्रतिनिधियों का माना आभार



**सिवनी नवभारत। खवासा के टोल विवाद मामले में आखिरकार खवासा एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित ग्राम वासियों को जीत मिल गई, शनिवार को हुए क्षेत्रवासियों एवं टोल कर्मियों के बीच विवाद को लेकर आज थाना कुरई में एफआईआर दर्ज हुई।**

विवाद के अगले दिन रविवार को समस्त ग्रामवासी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि बरघाट विधायक कमल मर्सकोले के घर पहुंचे थे एवं समस्या से अवगत कराया था विधायक ने अपने क्षेत्र के लोगों के लिए पूरी ताकत लगाकर ग्राम वासियों की और से सरपंच के माध्यम से एफआईआर दर्ज करवाने में पूरा सहयोग किया जिसका ग्राम वासियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आभार माना। प्रशासन को धन्यवाद कहा साथ ही खवासा क्षेत्र के जनपद सदस्य रामचरण बेलबंशी ने बताया कि टोल पर काम कर रहे प्राइवेट कर्मचारी रघुवीर सिंह एवं उसके साथी अपने आप को एनएचएआई का अधिकारी बताते हैं, जबकि प्रशासन के द्वारा जांच करने पर पाया गया कि यहां पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया का कोई भी कर्मचारी नहीं बैठता है बल्कि यह सभी किसी प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी हैं जो टोल पर अपनी गुंडागर्दी चलाते हैं सोमवार को हुई मीटिंग के अनुसार कलेक्टर ने भी एनएचएआई सहित टोल कर्मियों को निर्देशित किया, और जनप्रतिनिधियों के साथ होने वाले अपमान के लिए कड़ी निंदा की। ग्राम की जनता ने जिले के कप्तान एसपी साहब को भी बहुत-बहुत धन्यवाद दिया जिन्होंने बहुत ही तत्परता के साथ एवं निष्पक्ष भाव से एफआईआर करने के निर्देश दिए और जांच के बाद प्राइवेट गुंडे रघुवीर सिंह के खिलाफ प्राथमिकी की दर्ज की गई।

**इनका कहना है**

हमारे क्षेत्र के विधायक बहुत ही सहज हैं जिन्होंने क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी ही सहजता और गंभीरता से मामले संज्ञान में लिया और शीघ्र जांच करवा कर रिपोर्ट लिखने में सहयोग किया ग्राम वासी सहित उनका धन्यवाद करती हूं

**रमूला उइके, सरपंच खवासा**

हमारे क्षेत्र के विधायक जी ने हमारी बहुत सहायता की और हमारी इस लड़ाई में सहयोगी बनकर जनता के दिलों पर और भी जगह बना ली उनको बहुत-बहुत धन्यवाद है।

**रामचरण बेलवंशी जनपद सदस्य**

## छिंदवाड़ा-नैनपुर पैसेंजर में छूटा गहनों और नकदी से भरा बैग, रेल टिकट एजेंट की सूझबूझ से सुरक्षित मिला



**सिवनी नवभारत।** छिंदवाड़ा-नैनपुर पैसेंजर ट्रेन के कान्हीवाड़ा स्टेशन पर एक यात्री शाहिद खान का 2 लाख रुपये से अधिक का कीमती सामान से भरा बैग गलती से छूट गया। बैग में सोने के दो मंगलसूत्र, चांदी की पायल और 20,000 रुपये नकद मौजूद थे। ट्रेन से उतरते ही बैग छूटने का अहसास होते ही यात्री ने कान्हीवाड़ा स्टेशन टिकट काउंटर पर सूचना दी। वहां मौजूद टिकट एजेंट प्रजापति ने तुरंत सूझबूझ दिखाई और अगले स्टेशन पलारी संपर्क किया। पलारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही बैग को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। कान्हीवाड़ा स्टेशन के संतोष बन्देवार नईम खान और श्याम प्रजापति की सतर्कता व सूझबूझ से सुरक्षित बैग प्राप्त कर शाहिद खान को सौंप दिया गया। बैग वापस मिलने पर यात्री ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोग रेल टिकट एजेंट की इस ईमानदारी और त्वरित कार्रवाई की जमकर सराहना कर रहे हैं।

## छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाए : एनएसयूआई



**सिवनीनवभारत।** आयोजित प्रेस वार्ता में सिवनी एनएसयूआई ज़िला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने मध्यप्रदेश सरकार से मांग की है कि प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाएँ, ताकि प्रत्येक छात्र को अपने प्रतिनिधि चुनने का लोकतांत्रिक अधिकार प्राप्त हो और छात्र नेतृत्व वास्तविक जनमत के आधार पर सामने आए।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए धनंजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार छात्र विरोधी नीतियाँ लागू कर युवाओं की आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रही है। छात्रसंघ चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के अधिकारों, समस्याओं और भविष्य की आवाज़ बुलंद करने का सशक्त माध्यम हैं। इसलिए चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होना आवश्यक है।

एनएसयूआई ने साथियों से आह्वान किया कि वे अभी से छात्रसंघ चुनाव की तैयारियों में पूरी ताकत के साथ जुट जाएँ। संगठन गांव-गांव, कॉलेज-कॉलेज तक पहुँचकर छात्रों को जागरूक करेगा और छात्र हितों की इस लोकतांत्रिक लड़ाई को मजबूती से लड़ेगा।

एनएसयूआई का विश्वास है कि छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से छात्र अपनी आवाज़ बुलंद करेंगे, छात्र विरोधी नीतियों का लोकतांत्रिक जवाब देंगे और छात्र हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत नेतृत्व का चयन करेंगे। इस महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता में एनएसयूआई के पदाधिकारी साजिद ख़ान, माधव तिरैया, सिद्धू लाहौरी, शिवम साहू ज़िला मौजूद थे।

## विषम परिस्थितियों में विभागीय कर्मचारियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया

**छपारा नवभारत।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के लखनादौन संभाग अंतर्गत वितरण केंद्र छपारा-2 के ग्राम मुँडराई में अचानक तकनीकी खराबी के कारण 63 केवीए का वितरण ट्रांसफार्मर फेल हो गया था। उक्त ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्राम की विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई, जिससे ग्रामीणों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा तत्काल विद्युत विभाग को दी गई।

सूचना प्राप्त होते ही विभागीय अधिकारी एवं लाइन स्टाफ आवश्यक सामग्री के साथ मौके पर पहुंचे। किंतु पूर्व के दिनों में हुई लगातार बारिश के कारण ग्रामीण मार्गों पर कीचड़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी, जिससे ट्रांसफार्मर को वाहन के माध्यम से विद्युत पोल डी.पी. तक पहुंचाना संभव नहीं दिख रहा था। ऐसी विषम परिस्थितियों में विभागीय कर्मचारियों एवं गांव के ग्रामीणों



के सहयोग से 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर कच्चे रास्तों से खींचकर (घसीटकर) ट्रांसफार्मर डी.पी. तक पहुंचाया गया।

इसके पश्चात विभागीय लाइन स्टाफ ने खराब ट्रांसफार्मर को हटाकर नया 63 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित किया तथा सभी आवश्यक तकनीकी परीक्षण पूर्ण करने के बाद विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति सफलतापूर्वक पुन: बहाल कर दी, विभाग की त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों को शीघ्र राहत मिली।

ग्रामीणों ने कठिन परिस्थितियों में भी तत्परता से कार्य कर कम समय में विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था बहाल करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया तथा उनकी कार्यशैली की सराहना की।

विद्युत विभाग ने बताया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी की स्थिति में त्वरित कार्रवाई कर विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल करने के लिए विभाग सदैव प्रतिबद्ध है।

### एक नजर में

#### मुनिश्री 108 निर्वेगसागर के दर्शन करने पहुंचे अधिकारी

**लखनादौन।** लखनादौन में विराजमान पाठशाला प्रणेता पूज्य मुनि श्री 108 निर्वेग सागर जी गुरुदेव के चरणों में आज स्थानीय विभिन्न प्रशासनिक पदों पर पदस्थ अधिकारी सिवनी जेलर श्री कैलाश नरबे जी, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण लखनादौन के जे.ई. श्री राहुल प्रकाश, एवं एस.डी.एम. कार्यालय के आर.आई. श्री शिवहरे एवं पारुल ने श्रद्धापूर्वक गुरुदेव दर्शन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुदेव का मिला अमूल्य आशीर्वाद अधिकारियों ने गुरुदेव से धार्मिक चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया और उनके अनमोल उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। गुरुदेव का सानिध्य प्राप्त कर मन को अत्यंत शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई।

#### तीन दिवसीय वंदे मातरम् बेटी महोत्सव का होगा आयोजन : लक्ष्मी कश्यप



सिवनी। तीन दिवसीय वंदे मातरम् बेटी महोत्सव क आयोजन आठ ,नो और दस अगस्त को जामसवारी जिला छिंदवाड़ा और भोपाल मे आयोजित होगा उक्ताशय जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी कश्यप ने दी । उन्होंने बताया कि इस अवसर बाल सखा प्रोतसाहन पुरुस्कार वितरण ,पौधरोपण ,गौ पूजन -भोजन अर्पण के साथ देव स्थलों पर स्तुति और महाप्रसाद वितरण किया जायगा जो योग गुरु आचार्य महेंद्र मिश्र अध्यक्ष महर्षि पतंजलि योग ध्यान साधना संस्थान के मार्गदर्शन पर विगत बारह वर्षों से जारी हे इस अवसर पर सृष्टि ,संस्कृति और वेद मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे इस कार्यक्रम के संयोजक पूजा कश्यप होंगी

## 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान प्रधानमंत्री ने किया लॉन्च



**सिवनी नवभारत।** नशा नाश की जड़ है। नशा आर्थिक सामाजिक सांस्कृतिक पारिवारिक रूप से सदैव नुकसान पहुंचता रहा है बच्चों का बचपन दुखदाई हो जाता है उनके शैक्षणिक डेवलपमेंट दिगभ्रमित हो जाता है। मनुष्य को नशे से मुक्त कर परिवार को समाज को सुख शांति के रास्ते पर चलकर आर्थिक सामाजिक सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है।

उक्त उद्गार ब्रह्मा कुमारी सिवनी की जिला प्रमुख ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने ब्रह्माकुमारी शांति शिखर में आयोजित नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम में व्यक्त किया। आगे दीदी ने बताया की ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका आदरणीय ब्रह्माकुमारी डॉ दादी प्रकाशमणि जी के पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया जा रहा है। उक्त अभियान में संकल्प रखा हुआ है कि 6 अगस्त से 20 अगस्त के बीच में सारे हिंदुस्तान से 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा कराई जाएगी, जो की विभिन्न स्कूल कॉलेज गांव शहरों संगठनों में समाज के अलग-अलग संस्थाओं में ब्रह्माकुमारी बहनें जाकर उक्त कार्यक्रम करेंगे। उक्त 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान का विधिवत लॉन्चिंग देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने 2 अगस्त को किया है।

सिवनी के लोनिया रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज शांति शिखर में भी उक्त उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारीज अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार कमल भाई ने संबोधित करते हुए नशा मुक्ति के लिए सबको विशेष मोटिवेशन प्रदान किया ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गीता मर्मज्ञ ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने बताया जैसे नशा लेना सरल और सहज होता है वैसे ही व्यक्ति अगर हिम्मत कर ले मन बना ले तो नशा छोड़ने भी सहज और सरल होता है उसके लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान में निशुल्क रूप से सिखाए जाने वाले राजयोग मेडिटेशन की उन्होंने माहिती आवश्यकता बताई। इससे साहस आत्मविश्वास उमंग उत्साह खुशियां आनंद हमारे जीवन में आता है जिसके अभ्यास से नशा से व्यक्ति सदा दूर होता चला जाता है। कार्यक्रम को जिला पुलिस की ओर से वरिष्ठ इंस्पेक्टर पुलिस कंट्रोल रूम ओमेश्वर ठाकरे जी एवं सब इंस्पेक्टर देवेंद्र जयसवाल जी ने भी कार्यक्रम में अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के कोऑर्डिनेशन में ब्रह्माकुमारी नीतू ब्रह्माकुमारी रामेश्वरी जी ने विशेष भूमिका निभाई।

## मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की बैठक आयोजित



**बरघाट नवभारत।** संवाद योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम 2026 के तहत विकासखंड स्तरीय मासिक बैठक जनपद पंचायत बरघाट विकासखंड बरघाट में संपन्न हुई।

बैठक में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी, ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शोभना ठाकरे के निर्देशन में मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। मुख्य अतिथि शीला भालेकर,(जनपद सदस्य),जनपद सीईओ परते मैडम ,जनपद पंचायत इंस्पेक्टर केवल परते के द्वारा पूजन किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा शोभना ठाकरे द्वारा रखी गई जिसमें जनपद सीईओ द्वारा मध्य प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई पंचायत इंस्पेक्टर केवल परते द्वारा पर्यावरण संरक्षण,एक पेड़ मां के नाम,जल संरक्षण,नशा मुक्ति और अनेक प्रकार के संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसी कड़ी में नवांकुर संस्था मां शक्ति संस्थान पखारा के प्रमुख भारत लाल देशमुख द्वारा कोर्स की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंच संचालन धनीराम ठाकुर दीनबंधु विकलांग संस्था प्रमुख द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का आभार ब्लॉक समन्वयक मैडम श्रीमती शोभना ठाकरे द्वारा आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में उचित भोजन व्यवस्था की गई । कार्यक्रम में सभी नवांकुर प्रमुख हिमांशु चौहान प्रयत्न फाउंडेशन संस्था जाम, तामसिंह राहंगडाले ग्राम मंगल सशक्तिकरण संस्थान पोनार कला,और ह्यूमन रिसोर्स फेडरेशन संस्था बरघाट से सुनील नागदेव समस्त मेंटर्स मनेश्वर बिसेन ,प्रकाश शरणागत ,अभिलाषा राहंगडाले, भूपेंद्र देशमुख व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव और सदस्य लोग उपस्थित रहे।

## आचार्य बालकृष्ण के अवतरण दिवस पर किया गया पौधरोपण



**बरघाट नवभारत।** महिला पतंजलि योगपीठ ब्लॉक बरघाट के द्वारा परम श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी के पावन अवतरण दिवस के अवसर पर मोक्षधाम में वृक्षारोपण कार्य किया गया, यह केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। आचार्य बालकृष्ण जी ने आयुर्वेद, जड़ी बूटिया और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है उनके मार्गदर्शन में लाखों लोग प्राकृतिक जीवन शैली और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हुए हैं, उनके अवतरण दिवस पर लगाया गया प्रत्येक पौधा उनके विचारों को साकार करने का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण प्रयास है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर माया गिरधर सूर्यवंशी, मधुबाला जायसवाल, प्रीति श्रीवास, किरण पांडे एवं रानू जायसवाल उपस्थिति रही।

## बरघाट में कराटे बेल्ट परीक्षा संपन्न, खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन




**बरघाट नवभारत।** शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर बरघाट व जिला कराटे संघ एवं शोतोकान कराटे अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 04 अगस्त को कराटे बेल्ट परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर के संचालक सेंसेई संस्कार पटले एवं जिला कराटे संघ के शिहान ओमकार कश्यप के निर्देशन में संपन्न हुई। परीक्षा में खिलाड़ियों ने कराटे की तकनीकों, अनुशासन, आत्मरक्षा एवं शारीरिक दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा उपरांत दक्षित चौहान एवं पाखी अवधिया को येलो बेल्ट, पूर्वांश मरकाम, उत्कर्ष ठाकुर एवं गीतांशी प्रजापति को ऑरेंज बेल्ट, भव्य मरस्कोले एवं पूनम चौधरी को ब्लू बेल्ट तथा एशाम खान को ब्राउन बेल्ट प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सुजीत सिंह सूर्यवंशी, नगर परिषद के एल्डरमैन राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं आईटीआई विधायक प्रतिनिधि सत्यान्श भट्ट उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी सफल खिलाड़ियों को बेल्ट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा नियमित अभ्यास, अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

सेंसेई संस्कार पटले एवं शिहान ओमकार कश्यप ने सभी खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## सेवानिवृत्ति पर आशा कार्यकर्ताओं को दी गई विदाई

**केवलारी नवभारत।** सिविल अस्पताल केवलारी में लंबे समय तक स्वास्थ्य सेवाओं में समर्पित योगदान देने वाली आशा कार्यकर्ता श्रीमती सरोज झारिया एवं श्रीमती तीरन डेहरे के सेवा निवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल परिवार द्वारा दोनों आशा कार्यकर्ताओं का पुष्पमाला एवं सम्मान पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं आशा कार्यकर्ताओं ने उनके द्वारा वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, जनजागरूकता तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि सरोज झारिया एवं श्रीमती ीरन डेहरे ने अपने सेवा काल में निष्ठा, समर्पण और मानव सेवा की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की है।

**राहत**

**9 सालों का इंतजार हुआ खत्म, अतिक्रमण हटाने के लिए जिला प्रशासन और नगर पालिका को दिए कार्रवाई के निर्देश**

# नैनपुर के पहले रोड ओवर ब्रिज को मिली स्वीकृति, जल्द होगा निर्माण



**सिवनी नवभारत।** महाकौशल क्षेत्र के लिए बड़ी राहत की खबर है। लगभग 9 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद नैनपुर के सिवनी फाटक, लेवल क्रॉसिंग संख्या ल्ड्ढ-91 पर बनने वाले पहले रोड ओवर ब्रिज को स्वीकृति मिल गई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गति शक्ति यूनिट द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार अब निर्माण कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है तथा अतिक्रमण हटाने के लिए जिला प्रशासन और नगर पालिका को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

महाकौशल रेलवे एक्टिविस्ट अथर्व सिंह, जो पिछले सात वर्षों से महाकौशल क्षेत्र में रेल विकास और जनहित के मुद्दों पर लगातार सक्रिय हैं, ने 27 जनवरी 2026 को बालाघाट-सिवनी लोकसभा के पूर्व सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन के निजी आवास पर मुलाकात कर नैनपुर के सिवनी फाटक ल्ड्ढ-91 पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण की मांग का ज्ञापन सौंपा था।

बैठक के दौरान अथर्व सिंह ने पूर्व सांसद को बताया कि ब्रॉडगेज रेल लाइन शुरू होने के बाद इस फाटक पर लगातार जाम लग रहा है, जिससे आम नागरिकों, मरीजों, एंबुलेंस, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों के समक्ष विषय उठाया और आवश्यक कार्रवाई आगे बढ़ाई। इसके बाद परियोजना को गति मिली और अब रेलवे ने रोड ओवर ब्रिज को स्वीकृति प्रदान कर दी है। ब्रॉडगेज ट्रेनों के नियमित संचालन के साथ ही नैनपुर के सिवनी फाटक, लेवल क्रॉसिंग संख्या GJ-91 पर रोड ओवर ब्रिज की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस होने लगी। यह फाटक राष्ट्रीय राजमार्ग 543 मंडला-बालाघाट मार्ग तथा राज्य राजमार्ग 12 नैनपुर-सिवनी मार्ग को जोड़ता है। ट्रेनों के आवागमन के दौरान फाटक लंबे समय तक बंद रहने से प्रतिदिन हजारों वाहन जाम में फंसने लगे। स्कूल बसें, एंबुलेंस, यात्री बसें, मालवाहक वाहन और आम नागरिकों को वर्षों तक भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### 30 जुलाई को रेलवे ने जारी किया स्वीकृति पत्र

30 जुलाई 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर, गति शक्ति यूनिट, नैनपुर द्वारा नगर पालिका परिषद नैनपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जारी आधिकारिक पत्र में बताया गया कि लेवल क्रॉसिंग संख्या ल्ड्ढ-91 पर लगभग 1100 मीटर लंबा और 25 मीटर चौड़ा रोड ओवर ब्रिज स्वीकृत किया जा चुका है तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। पत्र में रेलवे ने नगर पालिका से अनुरोध किया है कि निर्माण क्षेत्र में मौजूद अतिक्रमण हटाए जाएं। इसके तहत मंडला दिशा में लगभग 400 मीटर तथा सिवनी दिशा में लगभग 700 मीटर तक के अनधिकृत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के शुरू हो सके।

### अब निर्माण शुरू होने का इंतजार

करीब 9 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद नैनपुर के पहले रोड ओवर ब्रिज को मिली स्वीकृति क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। अब लोगों की निगाहें अतिक्रमण हटाने, निविदा प्रक्रिया, कायदिश और निर्माण कार्य के शीघ्र शुभारंभ पर टिकी हैं। निर्माण पूरा होने के बाद यह रोड ओवर ब्रिज राष्ट्रीय राजमार्ग 543 मंडला-बालाघाट मार्ग तथा राज्य राजमार्ग 12 नैनपुर-सिवनी मार्ग पर यातायात को निर्बाध बनाएगा और वर्षों पुराने जाम, समय की बर्बादी तथा सुरक्षा संबंधी समस्याओं से लाखों नागरिकों को स्थायी राहत प्रदान करेगा।

**9 वर्षों तक लगातार उठती रही मांग**

वर्ष 2017 से वर्ष 2026 तक स्थानीय नागरिकों, व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और रेल हितैषियों ने लगातार रोड ओवर ब्रिज निर्माण की मांग उठाई। समय के साथ यह केवल यातायात सुविधा का विषय नहीं रहा, बल्कि सड़क सुरक्षा, आपातकालीन सेवाओं और जनहित की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गया। इस पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर मंडला, एसडीएम नैनपुर, तहसीलदार नैनपुर, डीवाईसीई गति शक्ति यूनिट नागपुर, आरपीएफ तथा थाना नैनपुर को भी भेजी गई है, जिससे स्पष्ट है कि रेलवे और जिला प्रशासन निर्माण कार्य प्रारंभकराने के लिए समन्वित कार्रवाई कर रहे हैं।

## पीएसीएल निवेशकों को बड़ी राहत, कमियां सुधारने समय सीमा बढ़ी

**सिवनी नवभारत।** पीएसीएल निवेशकों के भुगतान के संबध में गठित लोढ़ा कमेटी ने 6 अक्टूबर 2026 तक बैंक खाता अपडेट करने अतिरिक्त अवसर दिया है। एआईएसओ संगठन ने देशभर के पीएसीएल पर्ल्स निवेशकों से समय रहते बैंकिंग प्रक्रिया पूरी करने अपील की है।

पीएसीएल (पर्ल्स) निवेशकों के लिए राहत की खबर सामने आई है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर.एम. लोढ़ा समिति द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, पीएसीएल निवेशकों के ऐसे दावा आवेदनों, जिनमें बैंक सत्यापन अथवा बैंक खाते से संबंधित कमियां पाई गई थीं, उन्हें दूर करने के लिए सेबी के पीएसीएल रिफंड पोर्टल पर अतिरिक्त समय दिया गया है।

सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, जिन निवेशकों/आवेदकों के दावे बैंक सत्यापन में विफलता अथवा अन्य कमियों के कारण अपूर्ण रह गए थे, वे https:// www. sebipaclrefund.co.in?? पोर्टल पर लॉगिन कर बैंक खाते से संबंधित कमियों को दूर कर सकते हैं। यह सुविधा 7 मई 2026 से 6 अगस्त 2026 तक उपलब्ध किया गया था। जिसका समय सीमा दो माह अतिरिक्त बढ़ाया जाकर 6 अक्टूबर किया गया है।

पीएसीएल निवेशकों के हितों और उनके भुगतान की मांग को लेकर एआईएसओ (ऑल इन्वेस्टर सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन) विगत 11 वर्षों से लगातार संघर्षरत है। संगठन द्वारा लंबे समय से पीएसीएल निवेशकों की समस्याओं, रिफंड प्रक्रिया में आ रही तकनीकी एवं दस्तावेजी कमियों तथा लंबित दावों के समाधान को लेकर निरंतर आवाज उठाई जाती रही है। वही संगठन का कहना है कि लोढ़ा कमेटी द्वारा समय सीमा बढ़ाया जाना उन निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, जिनके आवेदन बैंक सत्यापन संबंधी कमियों के कारण लंबित या अपूर्ण रह गए हैं। संगठन ने निवेशकों से अपील की है कि वे इसे अंतिम अवसर मानते हुए पोर्टल पर अपने आवेदन की स्थिति जांचें और आवश्यक बैंक संबंधी सुधार निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करें।

## धनौरा में कलेक्टर ने सुनीं 700 आवेदकों की समस्याएं



सिवनी नवभारत। विकासखंड धनौरा में कलेक्टर नेहा मीणा ने जनसुनवाई कार्यक्रम रखा गया जिसमें क्षेत्र के लगभग 700 आवेदकों की समस्याओं को जिला कलेक्टर ने सुना और संबंधित अधिकारियों को जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। धनौरा क्षेत्र से आए ग्रामीणों में अधिक बिजली बिल एंव पानी की समस्याओं को बताया तो कही ग्राम पंचायतो के भ्रष्टाचार के मामले सामने आए तो वही नाश मुक्ति अभियान का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र जैन सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा धनौरा मुख्यालय के बस स्टैंड से शराब दुकान हटाने जैसे मुद्दे जनसुनवाई में आए जिसका जिला कलेक्टर द्वारा शराब दुकान हटाने का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ड्यूटी लगाई गई कर्मचारियों का दायित्वों रहा चर्चा में खण्ड पंचायत अधिकारी आनंद उइके समस्या निराकरण करने की जगह आवेदन की एंट्री करने में लगाई गई जो पूरे जनसुनवाई के कार्यक्रम में चर्चा का विषय रहा।